भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान, कांचीपुरम

INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, DESIGN AND MANUFACTURING. KANCHEEPURAM

प्रो.एम.वी. कार्तिकेयन

निदेशक

हिंदी दिवस संदेश
2024

आई.आई.आई.टी.डी.एम. कांचीपुरम परिवार के प्रिय सदस्यो,

'हिंदी दिवस' के अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ!

भारतीय संस्कृति की अनेक विशेषताएँ हैं और उनमें से एक है - 'विभिन्नता में एकता'। भारत में अनेक धर्म, जाति और भाषा-भाषी लोग रहते हैं। इन सबको एकसूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण कार्य हिंदी करती है। हिंदी के इस अमूल्य योगदान को देखते हुए ही 1949 में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में घोषित किया गया था।

आई.आई.आई.टी.डी.एम. कांचीपुरम ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह संस्थान राजभाषा के कार्यान्वयन में भी सदा अग्रणी रहा है। 'हिंदी दिवस' के इस शुभ अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि हम अपना सरकारी कामकाज यथासंभव हिंदी में करें और राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन में योगदान दें ताकि यह संस्थान राजभाषा के पथ पर निरंतर आगे बढते रह सके।

जय हिंद!